तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025

12 लकड़ियों का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त, एक...



14 भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश के महामंत्री...





# चैत्र नवरात्रि आज से, मंदिरों में जगमगाएंगी ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत आज से हो गई है। देवी मंदिरों में आज मनोकामना ज्योतिकलश स्थापना की जाएगी। जिले के देवी मंदिरों में आज से आगामी 9 दिनों तक श्रद्धालुओं का तांता लगेगा और वे अपने मनोकामना लेकर मंदिरों में मत्था टेकने पहुंचेंगे।

श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन करने के लिए मंदिर समितियों द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया है। जिले के प्रसिद्ध गंगा मैया मंदिर, सियादेवी मंदिर, रानीमाई मंदिर, चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, मोखला मांझी मंदिर, कपिलेश्वर मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में हजारों मनोकामना ज्योतिकलश स्थापना की जाएगी। वहीं, जिला मुख्यालय से लगे गंगा मैया मंदिर में मेला लगेगा। यहां हर साल क्वांर व चैत्र दोनों ही नवरात्रि में मेला लगता है, इसके साथ ही मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यावस्था को ध्यान में रखते हुए पुख्ता इंतजाम किया जाता है, साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को सम्भालने तैनात रहते हैं।

नवरात्रि में यहां लगभग दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे से मंदिर के गर्भगृह से लेकर मंदिर परिसर और मेला तक कि निगरानी की जाती है, गंगा मैया मंदिर के बाहर प्रवेश द्वार को भव्य रूप से सजाया गया है, वहीं रात के समय मंदिर परिसर की खूबसूरती को निखारने और आकर्षक बनाने रंग बिरंगे लाइट से परिसर को सजाया गया है।जहाँ पर श्रद्धालुओं की भीड़ नवरात्रि के दरमियान मंदिर दर्शन और ज्योति दर्शन के लिए दूर दूर से पहुँचती है, इसलिए जिले के प्रमुख मंदिरों में नवरात्रि को लेकर बहुत ही ज्यादा तैयारी की गईं है। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश स्थापना मंदिरो में प्रमुख रूप से की गईं है, जहाँ श्रद्धालुओ के मंशा अनुरूप उनकी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गईं है।

## घटस्थापना के साथ बोए जाएंगे जंवारे, माता के जसगीतों की होगी गूंज





### नवरात्रि पर होंगे विविध कार्यक्रम

जहाँ इस वर्ष ज्योति कलश स्थापना, नवरात्र मेला, पाँच दिवसीय रामायण मेला, पंचमी भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिले के प्रमुख आस्था का केंद्र गंगा मैया मंदिर प्रांगण में नवरात्रि को लेकर तैयारी जोरों पर है, जहाँ इस वर्ष नवरात्र के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भक्तों के लिए नवरात्रि के दिनों में मेला, नौ कन्या भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जस गीत झांकी का आयोजन किया जा रहा है।

### श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम में नवरात्रि पर लगेगा मेला

**बालोद।** श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम में 25 करोड़ की लागत से बन रहे मां कौशल्या मंदिर में वर्ष 2026 में प्रतिका स्थापना की जाएगी। लेकिन उससे एक वर्ष पहले इस वर्ष 30 मार्च से 6 अप्रैल तक श्री कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम में नवरात्रि पर्व पर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बालोद जिला के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समस्त अधिकारियों को मेला महोत्सव में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। संत श्री राम बालक दास के आवेदन पर कलेक्टर ने लोक निर्माण, पुलिस विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य समस्त विभागों को निर्देश जारी किया है। संत श्री राम बालक दास ने बताया कि 30 मार्च को श्री पाटेश्वर धाम के संस्थापक संत श्री राज योगी बाबा जी की प्रतिमा की स्थापना समाधि मंदिर में की जाएगी। इसके लिए जोर शोर से तैयारी चल रही है एवं संपूर्ण नवरात्रि पक्ष में 108 वें श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध रामायण मंडलियां रामचरितमानस गायन करेंगी।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## पाटेश्वर धाम में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ आज से

**बालोद।** 108 वां श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मां कौशल्या धाम श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम बालोद में आयोजित किया गया है।

इसके तहत 30 मार्च को गुरूदेव भगवान की प्रतिमा की पालकी यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। 31 मार्च को अग्नि प्रागट्य, आहुति प्रारंभ होगी। 1 से 5 मार्च तक प्रतिदिन यज्ञ आहुति एवं सत्संग प्रवचन होगा। 6 अप्रैल को रामनवमी भव्य जन्मोत्सव, महायज्ञ, पूर्णाहुति एवं गुरूदेव भगवान की तृतीय पुण्यतिथि पर भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

## ग्राम कंवर में श्री शिव महापुराण आज से

**गुरूर।** ग्राम कंवर में चण्डी मंदिर समिति द्वारा श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महाभिषेक महोत्सव बासंती नवरात्रि पर्व 2025 का आयोजन चण्डी मंदिर में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक किया गया है। कथावाचक पंडित नारायण महाराज दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक कथा सुनाएंगे। इसके तहत प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रूद्र महाभिषेक किया जाएगा। 30 मार्च को ज्योति स्थापना शाम 4 बजे होगी। 2 अप्रैल को पंचमी पर्व मनाई जाएगी। 5 अप्रैल को अष्टमी हवन दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। 30 मार्च को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी व शिव महापुराण कथा प्रारंभ होगी। 31 मार्च को शिवलिंग की उपासना के बारे में जानकारी दी जाएगी। 3 मार्च को गणेश जन्म कथा होगी। 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर जस भजन गायक दुकालू यादव की प्रस्तुति होगी।

## कनेरी में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता होगी कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां कंकालिन भैया मंदिर कनेरी में 31 मार्च को रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें एकल प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 1500 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 751 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये, द्वितीय 2000 तथा तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। वही 30 मार्च को रात्रि स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा एकल एवं सामूहिक रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी तरह 1 व अप्रैल को माता सेवा का आयोजन किया गया है। वहीं, 3 अप्रैल को रात्रि 8:30 बजे से मोर चिरईया के फूल गंगा सागर नाचा पार्टी कुलिया कनेरी तथा 4 अप्रैल को महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खुंदनी गुरूर व 5 को दोपहर 2 बजे से जय बघरन फाग एवं जस झांकी मंडली ग्राम बागतराई की प्रस्तुति होगी। 6 अप्रैल को ज्योति शोभा यात्रा निकाली जाएगी।



## पेट्रोल डालने के दौरान सेल्समैन से मारपीट

**बालोद।** ग्राम अरकार के पेट्रोल पंप में बाइक में पेट्रोल डलवाने पहुंचे तीन लोगों ने सेल्समैन हिरेन्द्र कुमार साहू की पिटाई कर दी। ग्राम अरकार निवासी हिरेन्द्र ने बताया कि गुरुवार को बेल्हारी की ओर से बाइक में तीन युवक पेट्रोल पंप में पहुंचे। 100 रुपए का पेट्रोल डालने कहा। सेल्समेन ने उन्हें बताया कि अभी लाइट बंद है, जनरेटर चालू करता हूं, उसके बाद पेट्रोल डालूंगा। जनरेटर को चालू कर पेट्रोल डालना शुरू किया था, तभी एक युवक ने बाइक में जल्दी पेट्रोल डालो कहा। इस पर बारी-बारी से पेट्रोल डालने की बात कहने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पेट्रोल पंप के पास रखे वायपर से एक युवक ने सिर पर मार दिया। वहीं, दो युवकों ने हाथ मुक्के से मारपीट की। इससे सिर, गला व पीठ में चोट लगी है। मैनेजर भूपेन्द्र साहू ने बीच बचाव किया, जिसके बाद तीनों युवक बाइक पर बैठकर चले गए। सेल्समैन की रिपोर्ट पर सनौद थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## बाबा के दरबार में आज ज्योति कलशों की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। दोपहर 12 बजे दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा विधि-विधान के साथ पूजा पाठ करके घटस्थापना करेंगे। उसके बाद मंत्र उच्चारण के साथ ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। इस अवसर पर दरबार के नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल गुलाब साहू बबलू गज्जू रायपुरिहा भोलू खिलेशवर चीन्टू साहू योगेश साहू आदि मौजूद रहेंगे।





## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बालोद।** एनएच–30 पर बालोदगहन पेट्रोल पंप के सामने कार की टक्कर से बाइक सवार नरेश नेताम घायल हो गया। ग्राम मड़वापथरा रूद्री निवासी महेश नेताम ने बताया कि बुधवार को छोटा भाई नरेश नेताम बाइक से पुरूर साप्ताहिक बाजार गया था। वहां से घरेलू सामान खरीदकर घर आ रहा था। इस दौरान बालोदगहन के पास पीछे से आ रही कार के चालक ने ठोकर मार दी। राहगीरों ने संजीवनी 108 एंबुलेंस के माध्यम से धमतरी के अस्पताल में पहुंचाया। वहां से रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुरूर थाने में कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**भिलाई।** पानी- फ्रूटी बेचने वाले युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जीआरपी दुर्ग ने बताया कि मृतक युवक का नाम सिकोला भाठा प्रेम नगर दुर्ग निवासी विजय शर्मा है। जो ट्रेनों में पानी फ्रूटी बेचने का काम करता था। शुक्रवार की दोपहर प्लेटफार्म पर खड़ी मुंबई हावड़ा मेल के डिब्बे में चढ़कर सामान बेच रहा था। तभी ट्रेन शुरु हो गई और चलती टेन में विजय उतरने लगा और नियंत्रण नहीं रख पाने पर हादसे का शिकार हो गया।

### महाराणा प्रताप उद्यान को समिति ने निगम से मांगा




**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्ण विकसित कर उद्यान को महाराणा प्रताप उद्यान समिति को हस्तांतरित किया जा सकता है। चूंकि इस सत्र 2025-26 में उद्यान के लिए अलग से आवंटन है। अतः आग्रह है कि वरियता आधार पर तत्काल कार्य सम्पादित करने का आग्रह रहवासियों द्वारा किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष मोहनी गुप्ता, कान्ता चितलान्गिया, पुष्पा पांडेय, किरेन वैद्य, सावित्री अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, ओपी यादव, टीपी गुप्ता, बन्दना महेन्दरू, पी सरकार, अनिल भरद्वाज, गीता गुप्ता, वीरेंद्र नाथ पाण्डेय, उमेश चितलान्गिया, जया मिश्रा आदि मौजूद थे। यह जानकारी महाराणा प्रताप उद्यान विकास समिति संरक्षक वीएन पांडेय ने दी।

**अपील : नगर पंचायत उतई में आयोजित माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज ने की अपील**

# समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

नगर पंचायत उतई में नगर साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के महिलाओं ने नगर में कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, युवाओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ नंदलाल साहू ने की। पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, तहसील अध्यक्ष पुसूऊ राम साहू, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, खुमान साहू, अध्यक्ष खिलावान साहू, नगर अध्यक्ष सरस्वती साहू, अध्यक्ष नगर साहू समाज किशोर साहू, उमाशंकर साहू तुलाराम साहू, द्रोपती साहू, लखन साहू, पदुम साहू, तोषण साहू सहित समस्त पदाधिकारी नगर साहू समाज उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री श्री साहू ने माँ कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में फैली बुराइयां दूर होती हैं। समाज के बनाए नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। दिखावे की प्रवृत्ति समाज के लिए घातक है, इसे रोकना होगा। उन्होंने समाज के सदस्यों से कहा कि बैठक रखकर अपने पदाधिकारियों को बताएं कि समाज के कौन-कौन से नियम में बदलाव करने चाहिए। इससे एक नया प्रयोग होगा। समाज में समधी भेंट, साड़ी देना, कपड़ा देना, खर्चीली बारात ले जाना, ये सब नियम बंद किए जाने चाहिए। समाज में बहुत गंभीर चिंतन करके समाज में क्या कार्य किया जाना है और कैसे समाज के लोगों को आगे बढ़ाना है, इस दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पद पाने के बाद ईर्ष्या और घमंड, अभिमान से दूर रहना चाहिए। मानव को हमेशा झुकना चाहिए। जिस इंसान में झुकने का गुण होता है, व संगठन को उतना ही ज्यादा मजबूत करेगा। हमें सिर्फ संख्या में ही बड़ा नहीं होना चाहिए, हमारा आचरण, काम, नियमावली कार्य करने का तौर तरीका अच्छा होना चाहिए।



### समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए करें सहायता

समाज में कोई गरीब परिवार है और उनके घर में प्रतिभावान छात्र है, तो समाज के लोगों द्वारा सहायता करके उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। आने वाली पीढ़ी को केसे तैयार करना है, इसके लिए चिंतन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता होनी चाहिए। एक समाज से दूसरा समाज से अच्छा संबंध बनाना चाहिए। सभी समाज से रिश्ता मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बहता हुआ जल निर्मल होता है, उसी प्रकार ही समाज की गतिविधियां भी निरंतर होती रहनी चाहिए। इस अवसर बड़ी संख्या समाज एवं अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लकड़ियों का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त, एक आरा मिल सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ बालोद में वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई

बालोद में वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने रात में की गई कार्रवाई में प्रतिबंधित लकड़ियों की सप्लाई कर रहे 4 ट्रैक्टर को जब्त किया है। इसके अलावा, एक आरा मिल में भी अवैध रूप से लकड़ियों को खपाया जा रहा था, जिसे वन विभाग ने सील कर दिया है।

उप वन मंडल अधिकारी डिंपी बैस ने बताया कि वन विभाग की टीम ने बालोद परिक्षेत्र के विभिन्न मार्गों झलमला–बालोद मार्ग, परसोदा–झलमला मार्ग, निपानी–करहीभदर मार्ग और बालोद–जुंगेरा मार्ग पर गश्त की। इस दौरान 4 ट्रैक्टरों में प्रतिबंधित लकड़ियों का परिवहन होते पाया गया। इस पर सभी ट्रैक्टर जब्त कर लिए गए। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, टीम ने सिकोसा स्थित चापले आरा मिल का भी निरीक्षण किया। यहां एक ट्राली में अर्जुन प्रजाति की लकड़ी खाली करते हुए पाया गया। इस संबंध में मिल संचालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद आरा मिल को सील कर दिया गया। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। उप वनमंडल अधिकारी ने बताया कि विशेष टीमों के माध्यम से लगातार गश्त जारी है। नियम विरुद्ध कार्य पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आलीखुंटा में माता कर्मा जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

डौडीलोहारा। आलीखुटा में ग्रामीण स्तरीय साहू समाज द्वारा कर्मा जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद बच्चों के लिए रंगोली, पूजा अर्चना, ध्वजारोहण बच्चों द्वारा डांस कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीराम बढ़ई सरपंच थे। वहीं, गोपालप्रसाद साहू समाज अध्यक्ष, विमलकिशोर साहू ग्राम पटेल, किशोरी लाल पूर्व ग्राम प्रमुख, केशवराम साहू ग्रामीण सचिव, लीला बाई पूर्व सरपंच, यादराम उपसरपंच, अहिमत बाई, ज्योति बाई साहू, गोविन्द साहू सचिव, जागेश्वर साहू आदि ने सामाजिक संगठन, संस्कार, एकता व भाईचारा पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन तिलक साहू ने किया।




# भुरकाभाट में श्रद्धा व उत्साह से मनाई भक्त माता कर्मा जयंती

**डौंडीलोहारा।** साहू समाज भुरकाभाट में भक्त माता कर्मा जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दीपक लाटिया सरपंच ग्राम पंचायत भुरकाभाट, भुनेश्वर साहू ग्रामीण अध्यक्ष एवं समस्त साहू समाज के सदस्यों ने मां कर्मा के चित्र पर दीप प्रज्जलित कर पूजा-अर्चना की। उसके बाद सामूहिक आरती कर खिचड़ी का भोग लगाया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच श्री लाटिया ने समाज को 1000 रूपए सहयोग देने की घोषणा की। साथ ही भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया है।



### अवधेश पहलवान को छग सरकार ने किया सम्मानित

**भिलाई** । नेशनल गेम्स गोवा में छग कुश्ती संघ के अवधेश पहलवान को कांस्य पदक मिलने पर छत्तीसगढ़ सरकार ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें 2 लाख 40 हजार रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अवधेश इसके पूर्व भारत केसरी सहित नेशनल गेम्स केरल में सिल्वर, आलइंडिया में फेडरेशन कप में में रजत सहित 13प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर चुके हैं। उनके कोच भगवान दास पहलवान हैं। उनकी उपलब्धियों में बीएसपी रेसलिंग क्लब का महती योगदान रहा है।

## उमरादहा में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक...



बालोद। ग्राम उमरादहा स्थित एक मिल के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक में सवार चालक और परिचालक सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार की बताई जा रही है। ट्रक पूरी तरह खाली है।

### राष्ट्रीय माउंटेन साईकिलिंग चैंपियनशिप के लिए छग साईकिलिंग टीम रवाना

**भिलाई।** हरियाणा के पंचकुला में राष्ट्रीय माउंटेन साईकिलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की साईकिलिंग टीम ने रवाना हुई। बीएसपी साईकिलिंग क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक और अध्यक्षता ओए के चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने साइकिलिंग टीम को रवाना किया। इस कार्यक्रम में ईवीसुनील सचिव, बीएसपी साइकलिंग क्लब, विनायक चन्नावार, महासचिव, छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ, देवप्रकाश वर्मा प्रशिक्षक एवं सचिव दुर्ग जिला साइकलिंग संघ तोशेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे।

# लापता बच्चियों को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** शादी के घर में आए परिवार की दो बच्चीं अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। खबर लगते ही दुर्ग कोतवाली पुलिस ने खोजबीन करना शुरु किया। दो बच्चीं चॉकलेट खरीदने के बहाने घर से निकली थी। अचानक लापता हो गई थी। गया नगर स्थित शादी घर में आए दो बच्चे चॉकलेट खरीदने के लिए बाहर निकले और गुम हो गए। इससे परिवारजन परेशान होकर उनकी तलाश करने लगे और इसकी जानकारी उन्होंने कोतवाली दुर्ग पुलिस को दी। पुलिस ने आईजी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दोनों खोजना शुरु किया। थाने के एएसआई ठाकुर ने बताया कि चार और पांच साल की दो बच्चियां घर से निकला थी। माता-पिता के साथ बच्चियां गया नगर के एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। दोनों बच्चे चॉकलेट खरीदने के बहाने घर से निकले और लापता हो गए। पुलिस टीम ने फोटो के आधार पर दोनों बच्चियों को ढूंढना शुरु किया। दोनों बच्चियां सिद्धर्थ नगर दुर्ग से पुलिस ने खोज निकाला है। दोनों को पुलिस टीम ने माता-पिता के हवाले किया। कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रताप सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक शाहिद खान, आरक्षक विकास तिवारी शामिल थे।

# एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रहा भिलाई

**भिलाई।** महानगर के रुप में विकसित हो रहा भिलाई एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रहा है। सालों से नया बस स्टैंड नहीं बनाए जाने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम और जिला प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई में पुराना बस स्टैंड अपनी उपयोगिता खो चुका है। यहां पुराने बुकिंग आफिस में नगर निगम के एक विभाग के कार्यालय खुलने के अलावा परिसर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान काबिज हो गए हैं। राज्य परिवहन निगम की बसों के बंद होने के बाद से ही पिछले बीस साल से यहां निजी बसों की आवाजाही बंद है। वर्षों से शहर की आबादी और यात्री बढ़के के कारण नए बस स्टैंड की मांग की जा रही है। लेकिन नगर निगम व जन प्रतिनिधियों द्वारा अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिए जाने का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि महानगरीय और रात्रिकालीन बसे बस स्टैंड के बाहर फोरलेन के किनारे स्टापेज में खड़ी होती हैं। इस दौरान यात्रियों को भारी असुविधा होती है। बारिश, गर्मी और ठंडी के मौसम में खुले में यात्रा करने लोग बसों के इंतजार में खड़े रहते हैं।

### रात्रिकालीन बसें सुपेला चौक पर खड़ी हो रहीं

भिलाई में बस स्टैंड नहीं होने के कारण रात्रिकालीन लंबी दूरी की बसें सुपेला चौक पर जीई रोड के किनारे खड़ी हो रही हैं। इस दौरान भारी ट्रैफिक और अंधेरे के कारण यात्रियों को सदैव दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं दिन में दुर्ग राजनांदगांव व रायपुर के बीच चलने वाली महानगरीय बसों से सफर करने वाले लोगों को भी यहां इसी तरह की परेशानी हो रही है। रोज सौ से अधिक रात्रीकालीन बसें और दिन में तीन सौ महनगरीय बसें यहां से गुजरती हैं। इनमें रोज हजारों यात्री शहर से सफर करते हैं। वहीं सुपेला चौक पर हजारों आटो व ई रिक्शा की आवाजाही और खड़े होने से भारी ट्रैफिक होता है।

# नवरात्रि पर कनेरी में होंगे विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** मंच संचालन समिति छत्तीसगढ़ अभिव्यक्ति मंच द्वारा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह होली मिलन एवं राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर अभिव्यक्ति महोत्सव का आयोजन ग्राम कनेरी में नवरात्रि के दौरान किया जाएगा। पहली बार यहां राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर, भव्य सम्मान समारोह का आरंभ किया जाएगा। इस अवसर पर दौना मानस परिवार द्वारा मानस कथा एवं भजन की संगीतमय प्रस्तुति होगी। प्रथम चरण में रक्तदाताओं को रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद पंडवानी, भरथरी, जस, फाग, लोकगीत, विभिन्न छ.ग गीत संगीत की लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, 1111 दीपक प्रज्ज्वलित कर महाआरती की जाएगी। उसके बाद उत्कृष्ट कार्य के आधार पर अभिव्यक्ति मंच द्वारा कलाकारों का सम्मान किया जाएगा।

# प्राचार्य पदोन्नति में देरी, शिक्षक संघ ने की उप संचालक से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की प्राचार्य पदोन्नति के मामले में आकस्मिक बैठक प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर की अध्यक्षता , प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह की उपस्थिति में हुई। जिसमें प्राचार्य पदोन्नति में लोक सेवा आयोग द्वारा डीपीसी होने के बाद भी प्रशासन की ओर से हो रही लेट लतीफी, सभी स्तर के समयमान वेतनमान, सोना साहू प्रकरण, बर्खास्त बीएड शिक्षक, अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई । बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल के रूप में लोक शिक्षण संचालनालय कार्यालय में संगठन ने उप संचालक आशुतोष चावरे से वार्तालाप किया । संगठन ने मुखर रूप में प्राचार्य पदोन्नति मामले में हाल ही में उच्च न्यायालय में विभाग द्वारा विभागीय पक्ष मजबूती से नहीं रखने के कारण 16 अप्रैल तक स्थगन दिए जाने पर आक्रोश जाहिर किया जबकि ऐसी ही समरूप याचिका को उच्च न्यायालय की युगल खंडपीठ द्वारा खारिज किया जा चुका है जिन्हें न्यायालय में अवगत नहीं कराया गया। उप संचालक ने प्रतिनिधि मंडल को पूर्णतः आश्वस्त किया कि 16 अप्रैल को उच्च न्यायालय में शिक्षा विभाग पूरी दमदारी, पूरे तथ्यों और आंकड़ों, भर्ती पदोन्नति नियम के प्रावधानों को प्रस्तुत करेगा। शासन अप्रैल में ही प्राचार्य पदोन्नति जारी करने के लिए प्रतिबद्ध है पूरी औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है। पदस्थापना के मामले में संगठन को।

**महापौर ने पेश किया लाभ का बजट, पेयजल से निपटने टंकी का निर्माण भी**

# भिलाई-चरोदा क्षेत्र को संवारने 334 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में विकास के लिए महापौर निर्मल कोसरे ने लाभ का बजट पेश किया है। निगम क्षेत्र के विकास के लिए 334 करोड रुपए का बजट पेश किया गया है। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि सवा लाख की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने मोरिद जलाशय से उरला वाटर प्लांट को पानी की आपूर्ति होगी। इसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्राविधान बजट में किया गया है। भिलाई-3 से चरोदा तक तांदुला की शाखा नहर पर केनाल रोड निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपये बजट रखा गया है। महापौर कोसरे ने शुक्रवार को सदन में बजट प्रस्तुत किया। सत्ता पक्ष विपक्ष के बीच बहस के बाद इसे पारित कर दिया गया। बजट में सिरसा मार्ग के पास स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास पुराने खदान को चौपाटी के रूप में विकसित करने दो करोड़ रुपये का प्राविधान किया है। 11 मुक्तिधाम का उन्नयन, दो खेल ग्राउंड जरवाय एवं गनियारी में बनाने, भिलाई तीन स्थित मिनी स्टेडियम को भी पूरा करने का प्राविधान है। स्वच्छता को देखते हुए सेग्रीगेशन प्लांट, 75 -75 लाख की लागत से विश्व बैंक कालोनी, दादर नाला के पास एसटीपी प्लांट का निर्माण, ग्राम गनियारी में एक करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन बनेगा।इस दौरान सभापति कृष्णा चंद्राकर,प्रतिनिधि दिलीप पटेल, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा,संतोष तिवारी, पार्षद भारती सूर्यवंशी, डे सहाब वर्मा,तुलसी ध्रुव, पूर्व पार्षद राम कुमार सूर्यवंशी, आशीष वर्मा समेत भाजपा कांग्रेस के पार्षद मौजूद थे।

### वार्डो को हरा भरा करने गार्डन भी

सोमनी नाला, देवबलोदा एवं दादर में तीन स्थानों पर चेक डेम निर्माण, सभी वार्डों में गार्डन निर्माण, भिलाई तीन चंदूलाल चंद्राकार व्यावसायिक परिसर से मटन मार्केट हटा सिरसा-सोमनी चौक के पास करने, शहीद स्मारक की तर्ज पर एक इनडोर स्टेडियम बजरंग पारा में बनाने निर्णय हुआ। जी केबिन से देवबलौदा तक प्रकाश व्यवस्था, सराहनीय मंगल भवन वार्ड 17 भिलाई तीन, मंगल भवन वार्ड 20 चरोदा भवन में 16 लाइट प्रकाश व्यवस्था, जल स्वास्थ्य सुविधा के लिए 9418 लाख का अनुमान प्रावधानित है।






### लघु उद्योग और ओपन जिम भी होगा

फिल्टर प्लांट में नवीन पाइप लाइन के माध्यम से जोड़कर जल प्रदा योजना के लिए प्रावधान रखा है। उच्च स्तरीय पानी टैंक की निर्माण,वार्ड एक ट्रांसपोर्ट नगर हाथ खोज वार्ड ग्राम 19 पद्मनगर पंचशील नगर वार्ड 31, 32, 33 देव बलौदा, वार्ड 24 आदर्श नगर चरोदा वार्ड 37 सिरसा भाटा सफाई व्यवस्था पर खर्च होगा। वार्ड साथ विश्व बैंक कॉलोनी में पुष्प वाटिका निर्माण, वार्ड 18 उत्तर वसुंधरा नगर में पुष्प वाटिका निर्माण के अलावा सिरसा कला में जल कार्य फुटपाथ निर्माण वृक्षारोपण चौपाटी भी बनाया जाएगा। वार्ड 8, 11, 13, 19, 20, 23, 24, 25 एवं 26 में लघु उद्योग, ओपन जिम स्थापना की जाएगी। सिरसा गेट चौक से गुजरने वाली नहर में कैनल रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। वार्ड 14 में मिनी स्टेडियम का भी विकास किया जाएगा।


वीरभद्र महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा
मूल मंत्र-ॐ नमो भगवते सदाशिवाय
दिनाँक
30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025
यज्ञाहुति समय
प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ॥
क्रमशः...

## खबर संक्षेप

### कांदुल में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**बालोद।** ग्राम विकास समिति कांदुल व सरपंच ग्राम पंचायत कांदुल पदुम लाल साहू द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 29 मार्च से दंतेश्वरी



प्रांगण कांदुल अर्जुन्दा में प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम का समापन 6 अप्रैल को होगा। कथा वाचक पंडित कुलेश्वर तिवारी प्रतिदिन दोपहर 12:30 से शाम 4 बजे तक कथा सुनाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च को कलश यात्रा, देव स्थापना, भागवत महात्मय की कथा के साथ प्रारंभ हुई। 30 मार्च को सुकदेव परीक्षित संवाद, विदुर कथा, वराह अवतार कथा सुनाया जाएगा। 31 मार्च को कपिल गीता, शिवसती चरित्र, ध्रुव चरित्र प्रसंग होगा जाएगा। 1 अप्रैल को अजामिल कथा, नरसिंह अवतार, गजेन्द्र मोक्ष, 2 को वामन अवतार, राम कृष्ण जन्म, नंद महोत्सव, 3 को बाल लीला, कंस उद्धार, रूखमणी मंगल कथा, 4 अप्रैल को श्री कृष्ण सुदामा चरित्र, 5 को श्री कृष्ण स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौत्री होगी, वहीं, शोभायात्रा निकाली जाएगी। 6 अप्रैल को गीता, हवन के साथ पूर्णाहूति होगी।

### बंजारी धाम जुंगेरा में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**बालोद।** बालोद से राजनांदगांव मार्ग पर स्थित बंजारी धाम जुंगेरा में मां बंजारी धाम वटकेश्वर महादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में नवरात्रि के अवसर पर 29 मार्च से 6 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत



महापुराण कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित मुरलीधर उपाध्याय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कथा सुनाएंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने बताया कि नवरात्रि में ज्योत प्रज्वलित और जंवारा स्थापना होगी। साथ ही भागवत महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। मनोकामना ज्योति एवं ज्वारा स्थापना 30 मार्च को सुबह 11:36 बजे होगा। पंचमी पूजा 2 अप्रैल को शाम 6 बजे होगी। अष्टमी हवन एवं नौ कन्या भोज 5 अप्रैल को शाम 4 बजे से होगी। विसर्जन एवं शोभा यात्रा 6 अप्रैल को सुबह 9 बजे से निकलेगी। 5 अप्रैल को महाप्रसादी, अष्टमी भंडारा का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम 29 मार्च को कलश यात्रा के साथ शुरू हो चुका है। 30 मार्च को भागवत महामात्य कथा, शुक परीक्षित जन्म की कथा सुनाई जाएगी।

### भर्रीगांव में मां कर्मा जयंती समारोह कल

**गुरूर।** परिक्षेत्र साहू संघ मिर्रीटोला द्वारा मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 31 मार्च को ग्राम भर्रीगांव में किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर होंगी, अध्यक्षता सदस्य अखिल भारतीय तैलिक महासभा एवं पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। रात्रि गुरू के कृपा छत्तीसगढ़ी लोकरंग पंडवानी गरियाबंद की प्रस्तुति होगी।

## अभियान : नवरात्रि को खास बनाने में जुटीं महिला कमांडो, चलाएंगी जागरुकता अभियान

# बाल विवाह रोकने, नशामुक्ति, जल संरक्षण और सहित 9 मुद्दों पर जागरुक करेंगी महिला कमांडो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपने कार्यों से विशेष पहचान बना चुकी महिला कमांडो नवरात्रि को भी खास बनाने में जुटी हुई हैं। इस अवसर पर नवरात्र के पूरे दिनों तक 9 अलग–अलग तरह के जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम महिला कमांडो करने जा रही हैं।

इसके तहत प्रमुख प्राथमिकता बाल विवाह रोकने का प्रयास भी है। इसके लिए महिला कमांडो घर–घर जाकर पालकों से संपर्क कर रही हैं और उनके बच्चों की उम्र पूछ रही हैं। बेटियों का विवाह 18 साल और बेटों का विवाह 21 साल पूरा होने के बाद ही करने की अपील कर रही हैं। इस तरह बाल विवाह की रोकथाम के लिए पहले से ही महिला कमांडो सक्रिय हो चुकी हैं। इस नवरात्रि में नारी शक्ति की मिसाल बनी महिला कमांडो गांव को 9 अलग–अलग तरीकों से जागरूक और सजग करने में जुटी हुई हैं।

पद्मश्री शमशाद बेगम महिला कमांडो प्रमुख ने बताया कि नवरात्रि के दिनों में नव जागरूकता की पाठशाला" लगाकर महिला कमांडो लोगों को जागरूक करेंगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के बाद भी उक्त कार्यक्रम जारी रहेंगे। महिला कमांडो नारी सशक्तिकरण का एक बेहतर उदाहरण पेश करती हैं। इसलिए नवरात्र को समर्पित करते हुए हमने माता शक्ति के नौ रूपों की तरह नौ अभियानों का शुभारंभ नवरात्रि से करने का निर्णय लिया है, आगे भी जारी रहेगा। महिला कमांडो अपनी सेवाभावी एवं शांतिप्रिय तरीके से कार्य करने के कारण अपनी पहचान बना चुकी हैं। छत्तीसगढ़ के साथ ही महाराष्ट्र में भी महिला कमांडो के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता की उन 9 पहलों में अपने गांव, घर, समाज, जिला, राज्य में अच्छा वातावरण निर्मित हो इसके लिए महिला कमांडो विशेष प्रयास करेंगी। इसी उद्देश्य से नवरात्र में नौ कार्यों के शुभारंभ का फैसला किया गया है।





### इन 9 कार्यों का उठाया बीड़ा

9 जागरूकता अभियानों में सबसे पहले बाल विवाह रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बालोद जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का प्रयास महिला कमांडो कर रही हैं। यह काम पहले ही शुरू हो चुका है। दूसरा कार्य कमांडो द्वारा गस्त में तेजी करते हुए नशा मुक्ति का प्रयास किया जाएगा। तीसरा, वाटर लेवल को बनाए रखने के लिए सोखता गड्ढा का निर्माण करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। चौथा कार्य दुर्घटना से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। लोगों को हेलमेट पहनकर चलने, तेज रफ्तार या नशा पान करके गाड़ी न चलाने के लिए जागरूक किया जाएगा, पांचवा कार्य बालिका शिक्षा एवं महिला साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पहले से ही महिला कमांडो गरीब परिवार की बेटियों की शिक्षा में आर्थिक मदद के लिए लोगों से चंदा करके मदद भी करती आई है। छठवां कार्य सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने की अनूठी पहल भी महिला कमांडो द्वारा की जाएगी। इसकी शुरुआत ग्राम दनिया पंचायत से शुरू हो चुकी है। सातवां कार्य एकता भाईचारा को बढ़ावा देते हुए शांति स्थापित करने की पहल की जाएगी। आठवां कार्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाते हुए सभी पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके, यह प्रयास महिला कमांडो करेगी। नौवां कार्य किशोर किशोरी व बड़े बुजुर्गों से संवाद करते हुए उन्हें मंच प्रदान करने का काम भी महिला कमांडो करने जा रही है। इस क्रम में मचौद की महिला कमांडो पुष्पा साहू, दनिया की प्रेमबती, चंद्ररेखा आदि ने बताया कि महिला कमांडो बनने और कार्य करने में बहुत ही गर्व महसूस होता है। जो भी उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उन कार्यों को वे अवश्य ही पूरा करेंगी।

### नेवारी खुर्द में महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** ग्राम नेवारी खुर्द में स्वच्छता अभियान के तहत जनपद सदस्य निर्मला बंजारे, सरपंच भोला यादव, उप सरपंच विष्णु बक्शी पंचगण एवं महिला समूह द्वारा गली मोहल्लों की साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जनपद सदस्य निर्मला बंजारे ने गांव में लोगों से भेंट मुलाकात की तथा जनता की समस्याओं की जानकारी ली।



## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश के महामंत्री शाहिद अहमद सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बालोद जिला निवासी शाहिद अहमद खान को राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी व उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अजीम द्वारा रमजान के मुबारक मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। स अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश महामंत्री मखमूर खान, रजिया खान, मिर्जा एजाज बैग, असगर अली, शाहिद तिगाला, जावेद तिगाला, मोर्चा के प्रदेश के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश के महामंत्री शाहिद खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी व नजमा अजीम का शुक्रिया अदा किया और कहा है कि भारतीय जनता पार्टी में जो जिम्मेदारी मुझे मिली है, उसका मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करते रहूंगा और आप सभी लोगों का धन्यवाद अदा किया है।

## दल्लीराजहरा में चैत्र नवरात्रि को लेकर लोगों में छलक रहा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत आज रविवार से हो गई है। इस पावन अवसर पर दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की आस्था देखते हुए मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है, और विभिन्न अनुष्ठान व हवन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

नवरात्रि को लेकर दल्लीराजहरा के बाजारों में जबरदस्त रौनक है। पूजन सामग्री, देवी की मूर्तियां, चुनरी, नारियल, कलश और अन्य धार्मिक वस्तुओं की खरीदारी के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। कुम्हारों ने बताया कि छोटे कलश 100 और बड़े कलश 200 तक बिक रहे हैं।

दल्लीराजहरा के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़ रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने भी आवश्यक प्रबंध किए हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान भक्तजन उपवास रखकर देवी मां की आराधना करेंगे। रामनवमी के दिन कन्या पूजन और विशेष अनुष्ठान के साथ पर्व का समापन होगा। दल्लीराजहरा में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।




## रायपुर में कलंगपुर की कवयित्री डॉ गीता का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

साहित्य सृजन संस्थान का विराट कवयित्री सम्मेलन का आयोजन रायपुर में किया गया। साहित्य सृजन संस्थान की ओर से महिला सशक्तिकरण पर विराट कवयित्री सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आई कवयित्रियों ने काव्य पाठ प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने भी एक कविता पाठ के साथ अपनी बात रखी। विशिष्ट अतिथि के रुप में पार्षद स्वपिन्ल मिश्रा भी मौजूद रहीं। आमंत्रित अतिथियों ने प्रदेश भर से आई कवयित्रियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बालोद जिले के ग्राम कलंगपुर की कवयित्री डॉ गीता विश्वकर्मा पति रामजी विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने भी अपनी एक कविता की प्रस्तुति दी।

### चेट्रीचंड्र महोत्सव आज, सिंधी समाज निकालेगा शोभायात्रा

**दल्लीराजहरा।** चेट्रीचंड्र पर्व को लेकर दल्लीराजहरा शहर में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल बना हुआ है। सिंधी समाज



ने इस पावन अवसर पर विशेष तैयारियाँ की हैं, और आज रविवार को यह पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। चेट्रीचंड्र, भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो सिंधी समुदाय के आराध्य देव हैं। आज रविवार को दल्लीराजहरा सिंधी समाज द्वारा शोभायात्रा, भजन-कीर्तन, जल यात्रा और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे ,श्रद्धालु झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना करेंगे।
दल्लीराजहरा में भी इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। शहर में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ समाज के लोगों द्वारा भंडारे और सेवा कार्य भी किए जाएंगे।

## गुड़ी पड़वा आज, शहर में उल्लास

**दल्लीराजहरा।** गुड़ी पड़वा के विशेष पर्व को लेकर दल्लीराजहरा शहर में भक्तिमय माहौल बन गया है। पूरे शहर में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है और श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियों में जुटे हैं। रविवार को यह पारंपरिक नववर्ष का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। शहरभर में शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। घर-घर में गुड़ी स्थापित की जाएगी और विशेष व्यंजनों का आनंद लिया जाएगा। गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र, गोवा और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार नए उत्साह, नई उमंग और शुभकामनाओं का प्रतीक माना जाता है।




पंचांग के अनुसार चैत्र महीने की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष के साथ-साथ मराठी नववर्ष की भी शुरुआत मानी जाती है. इसे ही गुड़ी पड़वा के नाम से जाना जाता है. गुड़ी पड़वा का मतलब होता है 'गुड़ी' (झंडा) और 'पड़वा' (चंद्र पखवाड़े का पहला दिन) हिंदू पंचांग के अनुसार, गुड़ी पड़वा आज 30 मार्च को मनाया जाएगा।

चैत्र महीने की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष के साथ-साथ मराठी नववर्ष की भी शुरुआत मानी जाती है। इसे ही गुड़ी पड़वा के नाम से जाना जाता है। गुड़ी पड़वा का मतलब होता है 'गुड़ी' (झंडा) और 'पड़वा' (चंद्र पखवाड़े का पहला दिन)। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल गुड़ी पड़वा आज रविवार को मनाया जाएगा।

### विश्व हिन्दू परिषद गुरूर में 6 को निकालेगी विशाल शोभायात्रा

**गुरूर।** विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड गुरूर द्वारा रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को भव्य



शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से श्री राम जानकी मंदिर गुरूर से प्रारंभ होगी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड गुरूर द्वारा लोगों से आग्रह किया गया है कि नववर्ष व रामनवमी की पूर्व संध्या पर दीपक जलाएं व रंगोली बनाएं। झांकियों के साथ अधिकतम जनसमूह के रूप शोभायात्रा में अवश्य शामिल हों। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जहां तक हो सके शोभायात्रा में महिलाएं व पुरूष अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हों। अपने नजदीकी स्थान से पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत करने का भी आव्हान किया गया है।

### सिर्राभाठा में कलश स्थापना व श्रीमद् भागवत कथा आज से

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्राभाठा में सिन्हा परिवार द्वारा चैत्र नवरात्रि पर कलश स्थापना व श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक किया गया है। कथावाचक चन्द्रकांत शर्मा होंगे। कथा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक व दोपहर 2 बजे से 5:30 बजे तक होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च को ज्योति कलश स्थापना, मंगलाचरण, भागवत महात्म कथा के साथ होगी। 31 मार्च को मीमांसा दर्शन कथा होगी।आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सुंदरी बाई सिन्हा, भिखारी सिन्हा, डिहारी सिन्हा ईश्वरी सिन्हा, शिवनंदन सिन्हा व नकुलराम सिन्हा की स्मृति में किया जा रहा है।

### निधन

#### कौशल दास मानिकपुरी



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के जुन्नापानी निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कौशल दास मानिकपुरी का 28 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शैलदेवी महाविद्यालय में हुआ शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में 27 मार्च को स्पीक मैके द्वारा शास्त्रीय संगीत की ध्रुपद गायन शैली एवं मृदंग व तानपुरा वादन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के पृथ्वीराज कुमार एवं सोनबाला कुमार ने अपनी प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रस्तुति का आनंद लेते हुए गायन में सुर-ताल मिलाया तथा प्रस्तुति के सहभागी बने। उसके बाद विद्यार्थियों ने संगीत एवं कला के संबंध में



अपनी जिज्ञासा प्रकट की एवं सार्थक चर्चा कर अपना ज्ञानवर्धन भी किया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक अदिति बंजारे ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रवेश प्रारंभ... नवोदय में चयन प्रवेश प्रारंभ...
एम्बिशन पब्लिक स्कूल & कोचिंग सिवनी (सेजबहार) से जवाहर नवोदय विद्यालय माना में सत्र 2025-26 के लिए चयनित बच्चे


विगत वर्षों के भांति इस बार भी एम्बिशन पब्लिक स्कूल & कोचिंग, सिवनी-2 (सेजबहार) से इस सत्र 2025-26 के लिए 6वीं में 19 बच्चों का (विगत 7 वर्षों में 100 बच्चों का) जवाहर नवोदय विद्यालय माना में चयन हुआ है। इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य कक्षा 6वीं में नवोदय, सैनिक, मिलिट्री, प्रयास स्कूलों में बच्चों का चयन कराना है, इस स्कूल में कक्षा- 3 से ही बच्चों को पाठ्यक्रम पढ़ाई के साथ ही साथ उपरोक्त प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार किया जाता है, ताकि बच्चे आगे की पढ़ाई उपरोक्त प्रख्यात स्कूलों में अध्ययन कर अपने उज्जवल भविष्य सवार सके, स्कूल संचालक भगत रात्रे ने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दिए। एम्बिशन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से पांचवीं तक (English Medium) एडमिशन प्रारंभ है।
संचालक भगत रात्रे मो. 9131314841
उप संचालक साहिल रात्रे, डेविड रात्रे
प्रेरणाश्रोत हेमंत सिंह (SI) मो. 9407786769
नोट : नवोदय चयन कोचिंग सत्र 2026-27 प्रवेश प्रारंभ - पहले आओ-प्रवेश पाओ